आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

14.04.2024 समय : 1850

- भारतीय जनता पार्टी ने आगामी लोकसभा चुनाव के लिए आज अपना संकल्प पत्र जारी किया।
- संविधान निर्माता डॉ. बी आर अम्बेडकर की जयंती पर आज पोर्ट ब्लेयर में श्रद्धाजंलि आयोजित किए गए।
- अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में ई वी एम और अन्य चुनाव सामग्रियां भेजने का कार्य आरंभ हो चुका है।
- भारतीय चुनाव आयोग द्वारा आम चुनाव की तैयारियों और अन्य आवश्यक गतिविधियों की समीक्षा के लिए द्वीपसमूह के चुनाव अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।
- द्वीपसमूह में अनुपस्थित मतदाताओं के लिए मोबाइल टीम की ओर से उनके घरों में जाकर मतदान कराया गया।

<><><><><><><>

भारतीय जनता पार्टी ने आगामी लोकसभा चुनाव के लिए आज अपना संकल्प पत्र जारी किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा, गृह मंत्री अमित शाह और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह उपस्थित थे। संकल्प पत्र जारी करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि ये संकल्प पत्र देश को आत्मनिर्भर की ओर ले जाने वाला है और इसमें युवा भारत का संकल्प दर्शाया गया है। उन्होंने कहा कि हम परिणाम लाने पर काम करते है और भ्रष्टाचार के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि ये नया भारत रफ्तार पकड़ चुका है और इसे रोकना मुशकिल होगा।

संकल्प पत्र पर बोलते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि भाजपा देश हित में बड़े और कड़े निर्णय लेने से कभी पिछे नहीं हटती, हमारे लिए पार्टी से बड़ा देश है।

<><><><><><><>

संविधान निर्माता डॉ. बी आर अम्बेडकर की जयंती पर आज पोर्ट ब्लेयर में नगरपालिका परिषद परिसर में डॉ. अम्बेडकर की प्रतिमा पर श्रद्धाजंलि समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उप–राज्यपाल एडमिरल डी के जोशी मुख्य सचिव केशव चन्द्र, पुलिस महानिदेशक देवेश चन्द्र श्रीवास्तव के अलावा आम जनता ने उन्हें अपने श्रद्धासुमन अर्पित किए। आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर में भी आज कार्यकम आयोजित कर संविधान निर्माता के चित्र पर पुष्पाजंलि अर्पित की गई।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में ई वी एम और अन्य चुनाव सामग्रियां भेजने का कार्य आरंभ हो चुका है। द्वीपों के निर्वाचन अधिकारी अर्जुन शर्मा ने बताया कि कल रंगत, मायाबन्दर, डिगलीपुर और लिटिल अंडमान के लिए जलयान रवाना होंगे और अगले दिन इन क्षेत्रों में चुनाव सामग्रिया पहुंच जाएंगी।

<><><><><><><>

मध्योत्तर अंडमान जिले में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए आज मायाबन्दर तहसील में चुनाव जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी दिलखुश मीणा ने इस रैली को झंडी दिखाकर रवाना किया। अपने संबोधन में उन्होंने जिले में उन्नीस अप्रैल को होने वाले मतदान के लिए की गई व्यवस्था की जानकारी देते हुए आम जनता से अनुरोध किया कि वे अपने मताअधिकार का प्रयोग अवश्य करे। इसके अलावा जिला उपायुक्त ने रंगत तहसील के चुनाव से जुड़े अधिकारियों के साथ बैठक की और चुनाव तैयारियों की समीक्षा की। हंसपुरी गांव में भी स्वीप गतिविधियां चलाकर मतदाताओं को जागरूक किया गया। इस क्षेत्र में करीब तीन सौ बीस मतदाता है और ये गांव मायाबन्दर क्षेत्र से सैंतीस किलोमीटर की दूरी पर स्थित है।

<><><><><><><>

भारतीय चुनाव आयोग द्वारा आम चुनाव के पहले चरण की तैयारियों और अन्य आवश्यक गतिविधियों की समीक्षा के लिए द्वीपसमूह के मुख्य निर्वाचन अधिकारी, जिला निर्वाचन अधिकारी, निर्वाचन अधिकारी, पुलिस अधीक्षक, राज्य पुलिस नोडल अधिकारी और केन्द्रीय पर्यवेक्षकों के साथ कल वीडियो कॉफ्रेसिंग का आयोजन किया गया। वरिष्ठ उप निर्वाचन आयुक्त अजय भादो की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में उन्होंने द्वीपसमूह में स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान के लिए तैयारियों और अन्य गतिविधियों की समीक्षा की। द्वीपों की मुख्य निर्वाचन अधिकारी बी एस जगलान ने द्वीपसमूह में मतदान सूची, मतदाता पर्चियों का वितरण, ई वी एम और वी वी पैट परिवहन, आदर्श आचार सहिता के कार्यान्वयन जैसे मुख्य बिन्दुओ पर चुनाव तैयारियों की जानकारी दी। समीक्षा के दौरान स्वीप गतिविधियों, डाक मतपत्र, ई वी एम के लिए मतपत्र, व्यय निगरानी, परिवहन और संचार योजना, मतदान सामग्री की व्यवस्था सूक्ष्म पर्यवक्षको की तैनाती, मतदान कर्मियों और सुरक्षा कर्मियों बलों की तैनाती, मतदान के दिन की निगरानी की व्यवस्था आदि विषयों पर जानकारी दी। बैठक में मुख्य निर्वाचन अधिकारी बी एस जगलान, सामान्य पर्यवेक्षक बृजेश नारायण सिंह, पुलिस पर्यवेक्षक रवि जोसेफ लोक्कु और व्यय पर्यवेक्षक सत्यजीत मंडल, राज्य पुलिस नोडल अधिकारी मोनिका भरद्वाज, निर्वाचन अधिकारी अर्जुन शर्मा सहित मध्योत्तर और निकोबार जिले के जिला चुनाव अधिकारियों ने भी इस वर्चुअल बैठक में भाग लिया।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में पिचासी वर्ष से अधिक उम्र के मतदाताओं के अलावा दिव्यांगजन मतदाताओं के लिए पिछले दो दिनों के दौरान घरों से मतदान करने की व्यवस्था की गई थी। कल मध्योत्तर अंडमान जिले में कुल आठ टीम का गठन किया गया, जिनमें से छः टीम डिग्लीपुर तहसील में और दो टीम रंगत तहसील में नियुक्त किए गए। जिले में कुल छत्तीस मतदाआतों ने अपने मताअधिकार का प्रयोग किया। इनमें सत्रह मतदाता पिचासी वर्ष से अधिक उम्र के थे और उन्नीस मतदाता दिव्यागजन थे। दक्षिण अंडमान जिले में कुल सात टीम बनाया गया। पांच टीम पोर्ट ब्लेयर और दो टीम फरारगंज तहसील के लिए थे। दक्षिण अंडमान जिले में कुल चार वोट पड़े, इनमें पिचासी वर्ष से अधिक की श्रेणी में एक और दिव्यांगजन की श्रेणी में तीन वोट पड़े। निकोबार जिले में गठित तीन टीम ने एक टीम कार निकोबार और दो टीम ननकौड़ी के लिए थी। निकोबार जिले में कुल बाईस वोट पड़े, इनमें पिचासी वर्ष से अधिक की श्रेणी में सत्रह और दिव्यांगजन की श्रेणी में पांच वोट डाले गए।

<><><><><><><>

देश के अन्य भागों के साथ द्वीपों में भी आज तमिल, बांगला और मलयालम नव वर्ष मनाया जा रहा है। इस सिलसिले में विशेष पूजा अर्चना के कार्यक्रम आयोजित किए गए और भोग का भी वितरण किया गया। इसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

<><><><><><><>